भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2631

उत्तर देने की तारीख : 19.12.2023

दिव्यांगता के रूप में थैलेसीमिया और चिरकालिक बीमारियां

2631. श्री रितेश पाण्डेय:
डॉ. शशि थरूर :

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत थैलेसीमिया और अन्य चिरकालिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को रोजगार में चार प्रतिशत आरक्षण की अनुमति नहीं है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत रोजगार में आरक्षण के लिए उपयुक्त दिव्यांगता का निर्धारण करने वाले मानदंडों और संसाधानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार विभिन्न प्रकार की चिरकालिक दिव्यांगता के साथ रह रहे लोगों की संख्या कितनी है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क): दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 की धारा 34 के अनुसार, थैलेसीमिया सहित रक्त विकार ग्रस्त व्यक्ति सरकारी प्रतिष्ठानों में नौकरियों में आरक्षण के लाभ के लिए पात्र नहीं हैं। उक्त अधिनियम में, अन्य बातों के साथ-साथ, बेंचमार्क दिव्यांगजनों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए सरकारी प्रतिष्ठानों में रिक्तियों में कम से कम 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है -

(क)	अंधता और निम्न दृष्टि	1%
(ख)	बधिर और ऊंचा सुनने वाला	1%
(ग)	सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ितों और मस्कुलर डिस्ट्रोफी सहित गतिविषयक दिव्यांगता	1%
(घ)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता और मानसिक रोग;	1%
(ड.)	बधिर-अंधता सहित खंड (क) से (घ) के तहत आने वाले व्यक्तियों में से कई बहु दिव्यांगताएं	

(ख): संसद द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को पारित करने से पहले नागरिक समाज सहित संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया गया था।

(ग): दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत चिरकालिक दिव्यांगता को परिभाषित नहीं किया गया है। तथापि, सरकार दिव्यांगता संबंधी आंकड़ों के लिए जनगणना, 2011 पर निर्भर रहती है। दिव्यांगजनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

****

दिनांक 19.12.2023 को उत्तरार्थ '' दिव्यांगता के रूप में थैलेसीमिया और चिरकालिक बीमारियां '' के बारे में श्री रितेश पाण्डेय, डॉ. शशि थरूर द्वारा उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2631 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध.

अनुबंध

जनगणना, 2011 के अनुसार राज्य-वार दिव्यांगता-वार जनसंख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	दिव्यांगजनों की कुल संख्या	देखने में	सुनने में	बोलने में	चलने में	मानसिक मंदता	मानसिक रोग	कोई अन्य	बहु दिव्यांगता
1	जम्मू और कश्मीर	361153	66448	74096	18681	58137	16724	15669	66957	44441
2	हिमाचल प्रदेश	155316	26076	26700	8278	32550	8986	5166	29024	18536
3	पंजाब	654063	82199	146696	24549	130044	45070	21925	165607	37973
4	चंडीगढ़	14796	1774	2475	961	3815	1090	756	2583	1342
5	उत्तराखंड	185272	29107	37681	12348	36996	11450	6443	30723	20524
6	हरियाणा	546374	82702	115527	21787	116026	30070	16191	116821	47250
7	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	234882	30124	34499	15094	67383	16338	10046	37013	24385
8	राजस्थान	1563694	314618	218873	69484	427364	81389	41047	199696	211223
9	उत्तर प्रदेश	4157514	763988	1027835	266586	677713	181342	76603	946436	217011
10	बिहार	2331009	549080	572163	170845	369577	89251	37521	431728	110844
11	सिक्किम	18187	2772	5343	1577	2067	516	513	2459	2940
12	अरुणाचल प्रदेश	26734	5652	8127	1538	3235	1264	631	3878	2409
13	नागालैंड	29631	4150	8940	2294	3828	1250	995	4838	3336
14	मणिपुर	58547	19194	12891	2661	5315	4846	1459	8628	3553
15	मिजोरम	15160	2035	3354	1163	1976	1585	1050	1914	2083
16	त्रिपुरा	64346	10828	11695	4567	11707	4307	2909	11825	6508
17	मेघालय	44317	6980	12353	2707	5312	2332	2340	8717	3576
18	असम	480065	80553	101577	39750	76007	26374	18819	87461	49524
19	पश्चिम बंगाल	2017406	424473	315192	147336	322945	136523	71515	402921	196501
20	झारखंड	769980	180721	165861	46684	147892	37458	20157	112372	58835
21	ओडिशा	1244402	263799	237858	68517	259899	72399	42837	172881	126212
22	छत्तीसगढ	624937	111169	92315	28262	190328	33171	20832	76903	71957
23	मध्य प्रदेश	1551931	270751	267361	69324	404738	77803	39513	295035	127406
24	गुजरात	1092302	214150	190675	60332	245879	66393	42037	197725	75111
25	दमन और दीव	2196	382	309	149	620	176	89	264	207
26	दादरा एवं नगर हवेली	3294	429	715	201	682	180	115	483	489
27	महाराष्ट्र	2963392	574052	473271	473610	548418	160209	58753	510736	164343
28	आंध्र प्रदेश (अविभाजित)	2266607	398144	334292	219543	538934	132380	43169	409775	190370
29	कर्नाटक	1324205	264170	235691	90741	271982	93974	20913	246721	100013
30	गोवा	33012	4964	5347	5272	5578	1817	1675	5784	2575
31	लक्षद्वीप	1615	337	224	73	361	112	96	183	229
32	केरल	761843	115513	105366	41346	171630	65709	66915	96131	99233
33	तमिलनाडु	1179963	127405	220241	80077	287241	100847	32964	238392	92796
34	पुदुचेरी	30189	3608	6152	1824	9054	2335	853	4137	2226
35	अंडमान और निकोबार द्वीप	6660	1084	1219	531	1593	294	364	838	737
	कुल	2,68,14,994	50,33,431	50,72,914	19,98,692	54,36,826	15,05,964	7,22,880	49,27,589	21,16,698

*****